हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 5 दिसंबर 2025

04 राघौगढ़ का नाम भगवान श्रीराम से जुड़ा है:...



07 मुनिश्री के सानिध्य में शहर में दूसरी बार पंच कल्याणक व गजरथ...





## समाचार संक्षेप

### सरस्वती कॉलोनी में विद्युत मंडल की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टला



**आरोन।** सरस्वती कॉलोनी स्थित डीपी पर अधिक लोड के कारण पुरानी केबल बार-बार टूटकर गिर रही थी, जिसकी वजह से सुबह से बिजली आपूर्ति बाधित रही। स्थिति को देखते हुए विद्युत मंडल की टीम ने तुरंत मोर्चा संभाला और समय रहते केबल बदलने का कार्य पूरा कर लिया, जिससे संभावित हादसे को टाल दिया गया।दिनभर बिजली कटौती के बावजूद उपभोक्ताओं ने इस बात की सराहना की कि टीम ने लगातार फॉल्ट आने के बाद भी कार्य को प्राथमिकता देते हुए पूरा किया। बाजार का दिन होने के कारण ग्रामीण और व्यापारी कुछ समय तक जरूर प्रभावित रहे, लेकिन लोगों ने कहा कि समय रहते की गई यह मरम्मत भविष्य में बड़ी दिक्कतों से बचाएगी।नगरवासियों ने विभाग से अनुरोध किया कि क्षेत्र में बढ़ते लोड को देखते हुए आगे से नई फ्रेश केबलें ही लगाई जाएँ, जॉइंट का उपयोग न किया जाए और ऐसे कार्यों के लिए समय सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक रखा जाए, ताकि आमजन को कम से कम परेशानी हो।लोगों का मानना है कि विभाग द्वारा उठाए गए ये कदम क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को और मजबूत करेंगे।

### ईई ग्वालियर ने बस स्टैंड में सीसी रोड निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



**आरोन।** मुख्यमंत्री शहरी अधोसरंचना चतुर्थ चरण के तहत बस स्टैंड में सीसी रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण ईई ग्वालियर हरीश शाक्यवार ने किया। इस दौरान सीएमओ दिनेश कुमार सोनी, विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल जैन, उपयंत्री मोहित बिजोले और संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे।ईई ग्वालियर हरीश शाक्यवार ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच की और संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए और निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने के लिए ठेकेदार को निर्देश दिए।अधिकारियों ने कहा कि शहर के विकास के लिए इस प्रकार के निर्माण कार्य आवश्यक हैं। मुख्यमंत्री शहरी अधोसरंचना चतुर्थ चरण के तहत शहर में कई विकास कार्य चल रहे हैं और इन कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए अधिकारी और ठेकेदार दोनों ही प्रयासरत हैं।वही विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री अधोसरंचना चतुर्थ चरण अंतर्गत 3करोड़ की लागत से 22 सड़कों का निर्माण कराया गया है नगर में जिन सड़कों का कार्य किया गया हैं उन कार्यों को हमारी देख रख में नगर वासियों की संतुष्टि पूर्ण कार्य कराया है हमारा उद्देश्य है कि नगर का विकास हो वही सीएमओ ने कहा कि जो आज ई ई साहब ने जो हमें निर्देश दिए हैं उन निर्देशों का पालन हमारे द्वारा किया जाएगा एव परिषद उपयंत्री मोहित बिजोले ने कहा कि संपूर्ण सीसी रोड निर्माण कार्य हमारी देख रख में हो रहा है यदि रात्रि में भी कार्य होता है तो में हमेशा कार्य के प्रति निगरानी रखता हु आने वाले दिनों में बस स्टेंड की सुंदरता अलग ही नजर आएगी।

### जिले के 03 आदतन अपराधी को 01 वर्ष की अवधि के लिए किया जिलाबदर

**गुना ।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल द्वारा जिले के 3 आदतन अपराधी को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धाराओं के अंतर्गत 01 वर्ष के लिए जिलाबदर करने के आदेश जारी किए गये हैं। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर आदतन अपराधी अरविन्द रघुवंशी पुत्र रामसिंह रघुवंशी निवासी मिनख्याई थाना म्याना, हेमा पुत्र निवासी ग्राम पन्हेटी थाना फतेहगढ एवं सोनू भदौरिया निवासी म्याना थाना म्याना जिला गुना को 1 वर्ष के लिये गुना जिला एवं इससे लगी सीमावर्ती जिले शिवपुरी, अशोकनगर, राजगढ़, विदिशा, भोपाल की सीमा से निष्कासन संबंधी आदेश पारित किये गये हैं।

### तीन युवतियां सवार थीं एक ही वाहन पर, ठोकर मार भाग गईं

# स्कूटी की टक्कर से घायल युवक की 15 दिन इलाज होने के बाद हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

दुर्घटना रहित सुगम यातायात की दिशा में प्रशासन द्वारा समय-समय पर तमाम प्रयास और नवाचार किए जाते हैं । वर्तमान में भी शहर में सडक सुरक्षा को लेकर प्रयास हो रहे हैं,हेलमेट पहनने वालों को प्रोत्साहित किया जा रहा है ना पहनने वालों को दंडित करके उन्हें हेलमेट दिए जा रहे हैं । इसके बावजूद लापरवाही की हदें पार करते हुए नजारे आम हो रहे हैं। हैरत तब होती है जब ऐसे बच्चे जिनकी उम्र साइकिल चलाने की होनी चाहिए वाहनों पर तीन सवारी बिठाकर फर्राटा भरते हुए दिखाई देते हैं और उससे भी बड़ी हैरत की बात यह है कि इन्हें दंडित नहीं किया जाता । शायद इस लापरवाही का ही खामियाजा उस गरीब चाय वाले को भुगतना पड़ा जिसकी तीन लड़िकयों



की स्कूटी से टक्कर लगने के बाद लंबे समय उपचार चलने के चलते मौत हो गई। दुखद घटना में एक भरा पूरा परिवार उजड़ गया उसके आश्रित अनाथ हो गए अब उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया । आखिर कौन है इन सबके लिए जिम्मेदार फिलहाल तो बड़ा सवाल यही है।



#### क्या है पूरा मामला

शहर के हनुमान चौराहे के समीप अन्नपूर्णा कॉलोनी निवासी 40 वर्षीय रामू चौरसिया को 19नबंबर को तीन युवतियां पीजी कॉलेज के तरफ से हनुमान चौराहे की तरफ आ रही थी तभी वहां पर खड़ी एक बस को क्रॉस करते वक्त उसे टक्कर मार दी । इस घटना में वह बुरी तरह से घायल हो गया और जमीन पर गिर पड़ा तभी मौके का फायदा उठाकर युवतियां मौके से भाग निकली। बताया गया है की घटना में घायल का मोबाइल भी गुम हो गया। तत्पश्चात मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया जहां से और उपचार के लिए भोपाल भेज दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई ।बताया गया है कि उसके एक हाथ और पैर में फैक्चर हो गया था ,यह भी बताया गया है कि परिवार में वह अकेला कमाने वाला था अब इस दुर्घटना के कारण परिवार पर रोजी रोटी का संकट व्याप्त हो गया है।

#### समाज ने लगाई मदद की गुहार

घटना के बाद चौरसिया नवयुवक मंडल के सदस्य भी अस्पताल पहुंचे और उन्होंन प्रशासन से उसके लिए हर संभव सहायता की मांग की है। बताया गया है कि इलाज के लिए भी प्रशासन से किसी प्रकार की मदद नहीं पहुंचाई गई और उसकी मृत्यु के पश्चात परिवार के सामने घोर संकट खड़ा हो गया है तब एक बार फिर से समाज के लोगों ने प्रशासन से परिवार की आर्थिक मदद करने की गुहार लगाई है। मरणापरांत भले प्रशासन ने आंशिक आर्थिक सहायता प्रदान कर दी हो, लेकिन घायल अवस्था के दौरान आयुष्मान कार्ड न होने से रामू को इलाज से वंचित होना पड़ा। जमापूंजी भी खत्म हो गई।

#### आखिर कौन है जिम्मेदार

दुखद घटना में एक परिवार के मुखिया को समय काल का ग्रास बनना पड़ा जिससे पूरे परिवार के ऊपर संकट आ गया ।समाज जनों का और शहर के बुद्धिजीवी वर्ग से ताल्लुक रखने वाले नागरिकों का यही प्रश्न प्रशासन के सामने जवाब मांग रहा है कि आखिर इस घटना के लिए जिम्मेदार कौन है ।अगर वाहन चालकों द्वारा इसी तरह से लापरवाही पूर्वक यातायात के नियमों का उल्लंघन करते हुए वाहन चलाए जाते रहेंगे तो इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति होने से कोई नहीं रोक पाएगा।

## बैंक कर्मचारियों और पुलिस की सतर्कता से बच गया एटीएम



### एचडीएफसी बैंक के एटीएम में चोरों ने की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

राघौगढ़ स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम में चोरी का प्रयास विफल हो गया ।तकनीकी से लैस संयंत्र में जैसे ही चोरों ने हाथ डाला तभी अलर्ट के कारण उसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंच गई अधिकारियों ने यह जानकारी हेड ऑफिस भेज दी और वहां से तत्काल पुलिस को सूचित किया गया इसके बाद चोरों के मंसूबे कामयाब नहीं हो पाए और एक बड़ी घटना होने से बच गई ।हालांकि इस दौरान चोरों ने मशीन और उसके आसपास बने सुरक्षा कवच को काफी क्षति पहुंचा दी थी । इस घटना की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी आनंद राय ने बताया की घटना की सूचना मिलते ही उन्होंने अपनी ग्रस्त टीम को वहां भेज दिया जिससे बदमाश घटना को अंजाम नहीं दे पाए ।अनुमान लगाया जा रहा है कि चोरों का मंसूबा पुरी की पूरी एटीएम मशीन उठा कर ले जाने का था ।चोरों की संख्या भी दो से अधिक होने का अनुमान लगाया गया है ।फिलहाल हम सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से चोरों को तलाश करने का प्रयास कर रहे हैं।

## चंपावती धाम में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई परिक्रमा, गूंजे भक्ति के सुर

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

तपोभूमि चाचौड़ा स्थित प्रसिद्ध चंपावती धाम में पूर्णिमा के अवसर पर आस्था का विशाल सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में भक्तजन परिक्रमा में शामिल हुए और पूरे मार्ग में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उत्साह का अनूठा संगम दिखाई दिया।प्रतिमाह पूर्णिमा पर लगने वाली यह परिक्रमा चाचौड़ा क्षेत्र की महत्त्वपूर्ण धार्मिक परंपरा है। परिक्रमा माँ गायत्री शक्तिपीठ से प्रारंभ होकर भक्ति माली मंदिर, बड़े गणेश जी, अंबाला वाले गुरु महाराज, बागेश्वर धाम, छान सरकार होते हुए भाटी के बाग से पुनः भक्ति माली मंदिर पहुँचकर संपन्न होती है। पूरे मार्ग पर भक्तों के जयकारे, भजन-कीर्तन और



आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा।इस पावन अवसर पर भक्त माली जी के पुजारी लक्ष्मीकांत शर्मा एवं उनके साथी द्वारा दंडवत परिक्रमा भी की जा रही है, जिसने श्रद्धालुओं का विशेष आकर्षण बढ़ा दिया। भक्तजन उन्हें प्रणाम कर उनका उत्साहवर्धन करते हुए आगे बढ़ते रहे।नगर एवं क्षेत्र के परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं ने प्रभु के भजनों और स्तुतियों का सुंदर गायन करते हुए पूरे मार्ग को भक्तिमय बना दिया। भक्ति-रस में डूबे भक्त ताल, मृदंग और झांझ की धुन पर प्रभु-स्मरण करते हुए आगे बढ़ते रहे। भक्तजनपरिक्रमा में शामिल कई भक्तों का कहना था कि जैसे गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा कर मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं, उसी प्रकार चंपावती धाम की परिक्रमा भी उनकी इच्छाओं की पूर्ति का माध्यम बन रही है। भक्तजन आस्था लिए परिक्रमा कर अपने और समाज के कल्याण की मंगलकामनाएं करते दिखाई दिए।

### विश्व एड्स दिवस सप्ताह के अंतर्गत मोबाइल वेन आउटरीच कैंप का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ. अनुराग जैन जिला गुना के मार्गदर्शन में विश्व एड्स दिवस सप्ताह अन्तर्गत मोबाइल वेन आउटरीच कैंप का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत बरसत विकासखण्ड राघोगढ गुना जिला में किया गया।इस मौके पर 42 मरीजों की




हेपेटाइटिस स्क्रीनिंग, सिफीलिस स्क्रीनिंग ,एचआईवी की स्क्रीनिंग,की गई 20 टीवी ऐक्सरे स्क्रीनिंग की गई। काउंसलर लालसिंह धाकड के द्वारा 42 मरीजों को एचआईवी/एड्स के बारे में जानकारी दी गई। आईसी सामग्री विवरण की गई, बारे मे बताया एवं जाँच की गई। टीबी के 20 एक्सरे आदिल खान द्वारा किए गए। एसटीआई की जानकारी सचिन्द्र भार्गव द्वारा दी गई। मोबाइल वैन आउटरीच गतिविधि कैंप लालसिह धाकड काउंसलर, सचिन्द्रभार्गव,जितेंद्र सं.सचिव बरसत सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## नगर पालिका परिषद ने की बाजार बैठक और अस्थाई दखल प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगर पालिका परिषद द्वारा बाजार बैठक एवं अस्थाई दखल प्रारंभ किया जा रहा है। राजस्व प्रभारी योगेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि शासन आदेश अनुसार एवं प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री के निर्देश पर से अस्थाई दखल प्रारंभ किया जा रहा है, जो जज्जी बस स्टैंड व अरोन बस स्टैंड पर वसूला जाएगा। इसके तहत 50 रुपए प्रतिदिन प्रति बस, 30 रुपए चार पहिया हल्के वाहन (टैक्सी) तथा 10 रुपए दो पहिया वाहनों से शुल्क लिया जाएगा । इसी प्रकार शहर में जगह-जगह फुटपाथ पर बिक्री करने वाले, रेहडी



वालों से 1000 रुपये सालाना तथा 500 रुपए अर्ध वार्षिक शुल्क वसूला जाएगा , जिसके अंतर्गत नगर पालिका परिषद गुना द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं ।नगर पालिका द्वारा संपूर्ण शहर की वीडियो ग्राफी कराकर अस्थाई रूप से व्यापार करने वालों को चिन्हित किया गया है, तथा सभी के नाम दर्ज किए गए हैं, जिससे शहर में अनावश्यक अतिरिक्त अतिक्रमण न बड़े। योगेंद्र सिंह तोमर ने सभी बस ऑपरेटर, टैक्सी संचालकों से शहर विकास हित में सहयोग करने की अपील की है।

## पिछले 48 घंटे से चल रही लोको पायलट और सहायक लोके पायलट की हड़ताल समाप्त





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पिछले 48 घंटे से चल रही लोको पायलट और सहायक लोके पायलट की हड़ताल आज सुबह 10 बजे संपन्न हो गई। राष्ट्रीय 48 घंटे की हड़ताल समाप्त, मांगे पूरी होने की आसआव्हान पर यह हड़ताल 10 सूत्रीय मांगों को लेकर की जा रही थी।रेलवे स्टेशन पर दो दिन रनिंग स्टाफ ने हड़ताल में भाग लिया। ड्यूटी पर तैनात स्टाफ ने भूखे रहकर अपनी ड्यूटी निभाई तो वहीं जिनकी ड्यूटी नहीं थी, उन्होंने स्टेशन पर भूखे रहकर धरना दिया।

लोकों पायलट्स ने बताया कि वे सरकार की अरबों रुपए की संपत्ति लेकर चलते हैं, लाखों लोगों की जान उने जिम्मे होती है। वे बखूबी अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। खुद जागते हैं, अपने परिवार से दूर रहते हैं, एक-एक यात्री की सुरक्षा का ध्यान रखते हैं। जब तक यात्रियों को उनकी मंजिल तक नहीं पहुंचा देते, आराम नहीं करते। परिवार के पास नहीं जाते। परिवार में कोई बीमार हो, मरणासन्न हो, हम अपनी जिम्मेदारी पूरी करके ही जाते हैं।

इसलिए सरकार को भी हमारी जायज मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाना चाहिए और हमारी मांगों को पूरा करना चाहिए। वहीं भूख हड़ताल के दौरान एक लोको पायटस बीमार हो गयाा था, जिसका इलाज जिला अस्पाताल मे चल रहा है।

**कृषकों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी : गुना ।** सभी कृषक भाईयों को सूचित किया जाता है कि भविष्य में उर्वरक वितरण हेतु ई-टोकन व्यवस्था लागू होने वाली है इस व्यवस्था में फार्मर रजिस्ट्री आईडी होने से उर्वरक पंजीयन में सुविधा रहेगी,अन्य शासकीय लाभ भी इसी के माध्यम से भविष्य में मिलेंगे। सभी कृषक भाई समय रहते अपने पटवारी से संपर्क कर, अपनी फार्मर आईडी (**Farmer ID**) अवश्य बनवा लें, ताकि खाद वितरण के दौरान आपको किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।

**REQUIRED**
For Reputed Construction Company Of Central India Require Following Key Persons For Their Projects In M.P.
- Accountant – 05 No's.
- Computer Opp. – 05 No's.
- Highway Engineer – 02 No's
- Bridge Engineer – 02 No's
- Quantity Surveyor – 02 No's (Auto Plotter, Road Estimator)

Minimum Experience: 3 to 5 years Attractive Salary
Interested candidates may send their CV to: Email: rajlaxami_db@yahoo.com
Or contact:
M/s Rajlaxami Dev Build India Pvt. Ltd.
Add: Sanjay Sagar Road, Vill. Awan, Tehsil Raghogarh, Distt. Guna (MP)- 473226
Ph: 8770650620

### पुलिस और प्रशासन का सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन की जागरुकता बढ़ाने का उद्देश्य

# बिना हेलमेट कलेक्ट्रेट पहुंचे कर्मचारियों के काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस और प्रशासन द्वारा विशेष हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसे लेकर कलेक्टर और एसपी द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद गुरुवार सुबह से सख्ती शुरू कर दी गई है और विभिन्न जगहों पर चालान काटे गए।



कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश मिलने के बाद सुबह से कलेक्ट्रेट कार्यालय में यातायात पुलिस की टीम तैनात की गई इस दौरान कलेक्ट्रेट कार्यालय में बिना हेलमेट लगाए पहुंचे बाइक सवारों पर कार्रवाई की गई और चालान काटे गए। इस दौरान कलेक्ट्रेट कार्यालय के विभिन्न विभागों के कर्मचारी भी कार्रवाई की जद में आए और बिना हेलमेट लगाए कार्यालय पहुंचने पर उन्हें चालानी कार्रवाई का सामना करना पड़ा। कार्यालय में टीम मैन गेट के अंदर तैनात थी। इस दौरानसवार बिना हेलमेट लगाए अंदर पहुंचे, उन्हें गेट के पास रोककर चालानी कार्रवाई की गई।

इससे पहले बुधवार शाम को हेलमेट जागरूकता अभियान में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं एसपी अंकित सोनी ने सहभागिता करते हुए दो पहिया वाहन चालकों को सुरक्षा नियमों के पालन का संदेश दिया था। इस मौके पर कलेक्टर श्री कन्याल ने साफ हिदायत देते हुए कहा था कि अभी हम प्यार से समझा रहे हैं, लेकिन अब इस मुहिम को और तेज किया जाएगा एवं कार्रवाई की जाएगी। सड़क सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हर नागरिक की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है, इसलिए हेलमेट पहनना न सिर्फ नियम है, बल्कि जीवन की सुरक्षा का संकल्प है।

वहीं पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने कहा कि हेलमेट आपकी ही नहीं, आपके पूरे परिवार की सुरक्षा है। पुलिस प्रशासन यह अभियान निरंतर सख्ती और जागरूकता दोनों के साथ आगे बढ़ाएगा।

### खाद्य और नापतौल विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक संपन्न, फील्ड पर कार्रवाई तेज करने के दिए निर्देश

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग तथा नापतोल विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे, खाद्य अधिकारी अवधेश पांडे, नापतोल निरीक्षक लक्ष्मीचंद्र खांडवी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे ।बैठक की शुरुआत जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकानों की स्थिति, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दुकानों की संख्या तथा विकासखंडवार वितरण व्यवस्था की समीक्षा से हुई। इसके पश्चात PMGKAY के नवंबर-2025 माह के पात्रग्रहियों की स्थिति एवं जिले के प्रदर्शन का प्रस्तुतीकरण दिया गया। खाद्य अधिकारी ने बताया कि योजना के मूल्यांकन में गुना जिला 28वीं रैंक पर है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के 17 सेक्टरों की प्रगति तथा उज्ज्वला 3.0 के अंतर्गत एसटी परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन की स्थिति पर भी चर्चा हुई।समीक्षा के दौरान यह बताया गया कि विभागवार शिकायतों के निराकरण में वर्तमान स्थिति में गुना जिला प्रथम स्थान पर है। त्वरित समाधान के कारण जिले को उत्कृष्ट श्रेणी में स्थान मिला है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उपभोक्ता सेवा केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव शीघ्र क्रियान्वित किया जाए तथा नई पात्रता पर्ची हेतु स्वीकृत आवेदनों की ई–केवायसी प्रक्रिया को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए।

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**
**सूचना**
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## समाचार संक्षेप

### हिन्दुपत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग राघौगढ़ गुना में विश्व एड्स दिवस का आयोजन

**राघौगढ़।** हिन्दुपत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग राघौगढ़ में विश्व एड्स दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. पूजा भाटी ने हर वर्ष 1 दिसंबर को मनायें जाने वाले विश्व एड्स दिवस के मुख्य उद्देश्यों जैसे एचआईवी/एड्स के प्रति जन-जागरूकता बढाना, भेदभाव कम करना, संक्रमित व्यक्तियों के अधिकारों की सुरक्षा करना, एचआईवी का वायरस असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त, सुई/सिरिंज के साझा उपयोग या माता से बच्चे में प्रसव/स्तनपान के दौरान फैल सकता है के बारे में विस्तृत जानकारी दी।साथ ही कार्यक्रम मुख्य अधिकारी डॉ. ज्योति सिंह सेंगर ने बताया कि विश्व एड्स दिवस हमें यह संदेश देता है कि एचआईवी/एड्स भले ही गंभीर रोग है, लेकिन सही जानकारी जागरुकता और उपचार से इसे नियोजित किया जा सकता है। हम सब मिलकर ही एड्स मुक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। महाविद्यालय की छात्राओं ने विश्व एड्स दिवस पर अपने भावों को रंगोली के माध्यम से भी प्रस्तुत किया।




### शीतकालीन सत्र में गुना जिले की गूंज: किसानों के हित में जयवर्धन सिंह हुए मुखर

**आरोन।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र में गुना जिले की दोनों प्रमुख विधानसभाओं—राघोगढ़ और बमोरी—की ओर से किसानों की समस्याएँ जोरदार ढंग से उठाई गईं। राघोगढ़ विधानसभा के कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने मक्का फसल खरीदी, भावांतर योजना, खाद कालाबाजारी, और कृषि से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए किसान हित में ठोस कदम उठाने की मांग की।विधायक ने कहा कि वर्तमान में किसान समर्थन मूल्य, समय पर खरीदी और भुगतान जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव से परेशान हैं। विशेष रूप से मक्का उत्पादक किसानों की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने भावांतर भुगतान प्रक्रिया को पारदर्शी व सुचारू बनाने, खरीदी केंद्रों की संख्या बढ़ाने और व्यवस्थाओं को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया।उन्होंने सदन में कहा कि मध्य प्रदेश का किसान लगातार चुनौतियों से जूझ रहा है, ऐसे में सरकार को त्वरित निर्णय लेकर किसान-हितैषी नीतियों को लागू करना चाहिए। किसानों ने उम्मीद जताई है कि सदन में उठाए गए इन मुद्दों से जल्द राहत के रास्ते खुलेंगे।इस मुद्दे को सदन में प्रभावी रूप से उठाने के लिए क्षेत्र के समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों—इफ्तेखार हुसैन भाई जान, हरिशंकर विजयवर्गीय, मेहरबान सिंह धाकड़, रजनीश शर्मा पिंकू, शेखर वशिष्ठ, मिंटू लाल जैन, गोपाल सोनी, रामलला यादव, अरविंद श्रीवास्तव, महेश ग्वाल, राजाराम जाखोदा, महावीर देवरी, गजेन्द्र रोरिया, गौतम सराई, सुरेंद्र पनवाड़ी, अशोक रघुवंशी,राजू देवरी, लक्ष्मण यादव सहित क्षेत्र के किसानों ने आभार व्यक्त किया है।




## मुनिराज ने राघौगढ़ की धर्म प्रभावना की सराहना की

# राघौगढ़ का नाम भगवान श्रीराम से जुड़ा है: योगसागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶राघौगढ़

दिगंबर जैन आचार्य इस सदी के महान संत विद्यासागर जी महाराज के गृहस्थ जीवन के भाई एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ निर्यापक मुनि योग सागर जी महाराज ने राघौगढ़ नगर में विशाल धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा इस धर्म नगरी राघौगढ़ को भगवान श्री राम के नाम से जाना जाता है। भगवान श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम थे। हमने देखा है राघौगढ़ की जनमानस की संत सेवा, धर्म के प्रति रुचि सराहनीय है। इस नगरी की धर्मप्रभावना को देखकर मोक्ष में विराजमान भगवान श्री राम भी प्रसन्न हो रहे होंगे। आपने कहा हमारे ही संघ के मुनि निर्लेप सागर जी की जन्मस्थली का गौरव इस राघौगढ़ नगरी को प्राप्त है। यह संसार अथाह दुखों से भरा है। इसको जानकर मुनि निर्लेप सागर जी ने मोक्ष मार्ग को अपनाया और इस राघौगढ़ नगरी को धन्य किया। विशाल धर्म सभा में मंगल प्रवचन करते हुए संघस्थ मुनि निरोग सागर जी महाराज ने कहा राघौगढ़ की जैन समाज ने श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर एवं संत सुधा सागर धाम पर श्री संभवनाथ दिगंबर जैन मंदिर दोनों मंदिरों का गगनचुंबी निर्माण कर धर्म के प्रति समर्पण का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। आपने कहा राघौगढ़ नगर के पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में लगभग 800 वर्ष प्राचीन अतिश्यकारी प्रतिमाएं विराजमान है। जिन पर प्रसस्ति में प्रतिष्ठा का संवत भी दर्ज है राघौगढ़ राजाओं की नगरी है। आपने आव्हान किया कि यहां पर होने जा रहे श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ में सभी समर्पण भाव से सम्मिलित होकर पूजन विधान में सम्मिलित हों । श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान के पुण्यार्जक हमारे साथी मुनि निर्लेप सागर जी महाराज के ग्रहस्थ जीवन के परिवारजन है। हम यह न माने की विधान के आयोजन का पुण्य लाभ इस परिवार को ही मिलेगा। जो भी इस विधान में सम्मिलित होकर सिद्ध भगवान की आराधना करेगा उन्हें निश्चित ही लाभ मिलेगा। आरंभ में विधान केपुण्यार्जक डॉ अजित रावत,अनिल रावत ने श्री फल भेंट कर पावन सानिध्य का आशीर्वाद लिया। जैन समाज के अध्यक्ष सिंघई अशोक भारिल्य के साथ समाज जनों ने मुनि संघ को श्री फल भेंट कर शीतकालीन सानिध्य एवं वाचना का अनुरोध किया।धर्म सभा का संचालन विकास कुमार जैन ने किया।



## पाएगा मोहल्ला पाठ क्रमांक 12 में मोहल्ले वालों ने उठाया सफाई और रिपेयरिंग का जिम्मा




हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

पाएगा मोहल्ला वार्ड क्रमांक 12 में यहां पर बहुत ही ज्यादा गंदगी थी तथा जगह-जगह गड्ढे हो रहे थे बार-बार निवेदन करने पर भी नगर पालिका ने कोई सुनवाई नहीं की परेशान होकर समस्त मोहल्ले वालों ने ही आपस में चंदा किया और मोहल्ले के गड्ढे भरवा दिए इसमें सामाजिक कार्यकर्ता पाएगा मौलाना निवासी गोपाल अवस्थी के द्वारा बताया गया कि यहां पर आए दिन गाड़ियां से लोग गिरते हैं और चोट लग जाती है निकलने के लिए भी जगह नहीं बची है बड़े-बड़े गड्ढे हो रहे हैं सड़क खुदी हुई है नगर पालिका से निवेदन करने पर भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही थी तो समस्त मोहल्ले वालों ने आपस में बैठक कर निर्णय लिया कि खुद ही अपने पैसे से सड़क रिपेयरिंग का काम करेंगे इसमें पार्षद से आग्रह करने पर दो कट्टे सीमेंट पार्षद की ओर से निजी तौर पर दिए गए। जिसमें गोपाल अवस्थी के अलावा दिलीप सिंह बेस बंदी पाराशर आकाश पाराशर सुमित जैन उमाकांत शर्मा राहुल जैन कपिल जैन हेमंत सेन दीपा गुप्ता बोनू अवस्थी संदीप शर्मा छोटू संजय तिवारी छोटू गजराज सिंह सिकरवार राजेश सिकरवार आदि का सहयोग प्राप्त हुआ।

### अरनाथ भगवान जन्म कल्याणक महोत्सव में पहुंचे राघौगढ़ विधानसभा प्रत्याशी हीरेन्द्र सिंह बंटी वना, भोजन प्रसादी ग्रहण कर जैन समाज को दी शुभकामनाएं




हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

नगर के मुलनायक 1008 श्री अरनाथ भगवान के जन्म कल्याणक महा महोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में राघौगढ़ विधानसभा प्रत्याशी हीरेन्द्र सिंह बंटी वना अपने युवा साथियों के साथ शामिल हुए।उन्होंने अरनाथ बावा के समक्ष नमोस्तु कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं महोत्सव में परोसी गई भोजन प्रसादी ग्रहण कर धर्मानुरागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।श्री वना ने जैन समाज की प्रशंसा करते हुए समाज को भामाशाह की उपाधि दी और कहा कि जैन समाज सेवा, सद्भावना और धार्मिक आयोजन में सदैव अग्रणी रहा है।कार्यक्रम में पधारने पर सकल दिगम्बर जैन समाज, श्री आदिनाथ ट्रस्ट कमेटी, श्री चातुर्मास कमेटी, गौशाला कमेटी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुनेश जैन तथा जैन समाज अध्यक्ष विजय डोडिया द्वारा उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर पार्षद बृजेंद्र सिंह राजपूत,सोनू रघुवंशी लांच, राजीवकुशवाह , संजय जैन,रविंद्र धाकड़, मोनू भाई ,आकाश जैन,भाजपा मंडल सोशल मीडिया विभाग एवं जैन समाज प्रचार मंत्री के.के. सरकार सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## सामाजिक कार्यकर्ता ने भटका बच्चा अली मोहम्मद का घर खोजा, मेरठ यूपी का निकला निवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद भार्गव ने एक बार फिर अपनी सेवाभावना और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए घर से भटके मासूम अली मोहम्मद का घर खोज निकाला और उसे उसके परिवार से मिलाने की राह बना दी।बीते दिनों गुना रेलवे पुलिस को एक बच्चा मिला था, जो अपना नाम अली मोहम्मद बता रहा था, लेकिन अपने घर और परिवार के बारे में कोई जानकारी नहीं दे पा रहा था। रेलवे पुलिस ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद बच्चे को रेडक्रॉस सोसायटी और माँ स्वरूप आश्रमको सौंप दिया।इसकी सूचना रेडक्रॉस के सचिव डॉ. रामवीर रघुवंशी ने सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद भार्गव को दी और बच्चे से मिलकर उसके घर का पता लगाने का अनुरोध किया।भटके हुए लोगों को उनके घर पहुँचाने में अनुभवी भार्गव ने बच्चे से धैर्यपूर्वक बातचीत की और कई स्थानों पर जानकारी जुटाकर खोज शुरू की। निरंतर प्रयासों के बाद यह पता चल गया कि बच्चा मेरठ (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला है।जब बच्चे की उसके माता-पिता, नाना-नानी से फोन पर बातचीत कराई गई, तो परिजन भावुक हो उठे और खुशी के आँसू बहाने लगे। परिवारजन तुरंत मेरठ से गुना बच्चे को लेने के लिए रवाना हो गए।बच्चे के नाना मोहम्मद सलीम ने बताया कि बच्चा मेरठ में एक रिश्तेदार के यहाँ काम में हाथ बँटाता था, जहाँ से वह अचानक कहीं चला गया था। उसकी गुमशुदगी रिपोर्ट मेरठ पुलिस में दर्ज कराई गई थी।प्रमोद भार्गव के प्रयासों से एक भटका मासूम अपने परिवार से मिलने जा रहा है, और एक परिवार की खुशियाँ वापस लौट आई हैं।भार्गव ने सेकड़ो घर से बिछड़े लोगो को परिवार दे मिलाया।




## जिला पंचायत सीईओ ने प्रशिक्षण में भाग लिया

# वॉश ऑन व्हील अंतर्गत प्रशिक्षण आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला पंचायत के सभागार में स्वच्छता साथी के वॉश ऑन व्हील अंतर्गत अंतर्गत प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि स्वच्छता साथी मोबाइल एप से प्राप्त सफाई मांग को स्वीकार कर सामुदायिक और पारिवारिक शौचालयों की सफाई यन्त्रों से क्लीनिंग का कार्य में लगे सभी स्वच्छता साथियों का कार्य सम्मानीय है। किसी भी गांव की समृद्धि वहां के परिवेश की स्वच्छता पर निर्भर करती है।इस अवसर पर उपस्थित स्वच्छता साथियों और सैक्टर मुख्यालय की ग्राम पंचायतों द्वारा अभियान चलाने हेतु प्रेरित होकर शुरुआत करने के उपलक्ष्य में फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया।

बैठक मे उपस्थित सचिव, जीआरएस सहित सैक्टर आफिसर को निर्देश दिए कि एक सप्ताह में सफाई उपकरण और सेफ्टी किट क्रय कर 10 दिसम्बर 2025 अंतराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में अभियान को सैक्टर मुख्यालय स्तर से शुरू करें,स्वच्छता साथियों को सीएससी और सामुदायिक शौचालयों की सफाई के 200 रूपये और पारिवारिक शौचालय के 50 रूपये संबंधित सेवा प्राप्तकर्ता में से प्राप्त होंगे प्रशिक्षण में जिला समन्वयक सरिता बंसल ने बताया कि सफाई कार्य की निरन्तरता से हम गांवों को स्वच्छ और आमजन के स्वास्थ्य को बनाए रख सकेंगे। विकासखण्ड समन्वयक शुभम प्रिया चैबे द्वारा सफाई उपकरणों की 15वे वित्त आयोग के टाइड फण्ड स्वच्छता मद से क्रय करने के दिशा-निर्देश से अवगत कराया।

## उर्वरक वितरण के लिए अब ई-टोकन प्रणाली लागू होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

कलेक्टर आदित्य सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार जिले में उर्वरक वितरण के लिए ई-टोकन प्रणाली लागू की जायेगी जिससे किसानों को आसानी से उर्वरक उपलब्ध हो सकेगा। ई-टोकन प्रणाली के तहत कृषक अपनी आधार लिंक फार्मर आई.डी. का उपयोग करके ऑनलाईन टोकन पर बुक सकते हैं पोर्टल पर डबललॉक केन्द्र, एम.पी.एग्रो, समितियों (पैक्स), निजी विक्रेताओं को जोड़ा गया है। किसान अपनी सुविधा अनुसार उर्वरक विक्रेता का चयन कर ई-टोकन बुक कर सकते हैं। निर्धारित समय के भीतर वितरण केन्द्र से खाद प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रणाली के माध्यम से किसानों को आसानी से खाद प्राप्त करने का विकल्प उपलब्ध कराया जा रहा है।

### ई-टोकन प्रणाली कैसे काम करती है

पंजीकरण किसानों का अपना आधार नम्बर एग्री स्टेक पोर्टल पर पंजीकृत करना होगा। फार्मर आई.डी. पर रकबा एवं फसल की जानकारी अपडेट होना आवश्यक है। मोबाईल पर ओ.टी.पी. के माध्यम पंजीयन की प्रक्रिया करनी होगी। टोकन जनरेशन पोर्टल किसान की चयनित फसल और उपलब्ध रकबे के अनुसार आवश्यक उर्वरकों के प्रकार और वितरण केन्द्र के चयन के बाद स्वचालित रूप से ई-टोकन जारी करेगा। खाद का उठाव जारी टोकन के साथ किसान को 03 दिनों (72 घण्टे) के भीतर चयनित वितरण केन्द्र से खाद लेनी होगी यदि किसान समय सीमा के अन्दर खाद नहीं लेता है तो टोकन स्वतः निरस्त हो जायेगा। ध्यान रखने योग्य बात जिन किसानों के पास फार्मर आई.डी. नहीं हैं उन्हें जल्द से जल्द बनवा लेनी चाहिए।

## पूर्णिमा के अवसर पर ग्राम महू आलमपुर में श्रीमद्भगवद्गीता के भक्तियोग का स्वाध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गीता के अनुसार, भक्ति योग ईश्वर के प्रति प्रेम, विश्वास और समर्पण का मार्ग है, जहाँ भक्त अपनी सभी क्रियाओं को भगवान को समर्पित करता है। इसमें प्रार्थना, मंत्र जाप, और ईश्वर की सेवा जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं, जो भक्त को अहंकार और भौतिक बंधनों से मुक्त होकर आध्यात्मिक प्रगति की ओर ले जाती हैं। भक्ति योग, ज्ञान और कर्म योग के साथ, मोक्ष प्राप्ति के तीन प्रमुख मार्गों में से एक है।

गुरुवार को ही दोपहर पश्चात ग्राम कोलुआ में भी गीता के 15वे अध्याय पुरुषोत्तम योग का स्वाध्याय किया गया। पुरुषोत्तम योग में भगवान श्रीकृष्ण आत्मा की अमर प्रकृति, भौतिक संसार की नश्वरता और परम पुरुष (परमात्मा) के विषय में बताते हैं। इस अध्याय में, संसार को एक उल्टे अश्वत्थ वृक्ष (पीपल) की तरह समझाया गया है, जिसकी जड़ें ऊपर की ओर और शाखाएं नीचे की ओर फैली हुई हैं। यह ज्ञान हमें यह भी सिखाता है कि क्षर (नाशवान प्राणी), अक्षर (मुक्त आत्माएं) और पुरुषोत्तम (सर्वोच्च पुरुष) के बीच क्या अंतर है, और इनसे परे पहुंचकर हमें भगवान की पूरी तरह से आराधना करनी चाहिए। बलवीर सिंह रांवसर ने बताया कि समिति द्वारा गांव गांव गीता स्वाध्याय कराने से ग्रामवासियों के मध्य सामाजिक समरसता की पहल हुई है। गांवों में सौहाद्र एवं भाईचारे का वातावरण निर्मित हो रहा है। जहां एक ओर ग्राम के लोग फिजूल के कार्यों में समय व्यतीत करते थे वे लोग स्वाध्याय से प्रेरित होकर उपयोगी कार्यों में अपना समय लगा रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व सरपंच हनुमंत सिंह यादव आयोजक बने तथा ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि बलवान सिंह तथा ग्राम कोलुआ के विक्रम सिंह, राजकुमार सिंह, कैलाशचंद्र पालीवाल के साथ ही समिति सदस्य राजेंद्र सिंह, रामबली यादव आदि रहे मौजूद।



## एसआईआर में प्रथम स्थान आने पर कलेक्टर का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

सचिव प्रतिनिधि मंडल एवं सचिव संघ जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह यादव ने कलेक्टर आदित्य सिंह का एसआईआर के कार्य में प्रदेश और देश में प्रथम स्थान पर आने पर और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रशंसा किए जाने पर सम्मान किया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कराया जा रहा एसआइआर कार्य में पूरे प्रदेश में सर्व प्रथम अशोक नगर जिले ने कार्य को पूरा किया था कलेक्टर ने भी सभी पंचायत सचिव एवं अधिकारी/कर्मचारी जो इस कार्य में लगे थे उनकी प्रशंसा की। जिले से तहसील स्तर के अधिकारी,बी एलओ, सचिव, सहायक सचिव, आंगनवाड़ी कार्य करता सभी को शुभकामनाएं दी कलेक्टर ने कहा सभी के सहयोग से यह सम्भव हो पाया है। हमको ऐसे ही आगे भी हर योजना में ऐसे ही टीम के रूप में मिल के कार्य करना है। इसके तत्पश्चात पंचायत सचिवों की समस्याओं के संबंध में कलेक्टर का ध्यान आकर्षण कराया। कलेक्टर ने आश्वासन दिया है शीघ्र ही सभी सचिव समस्याओं का निराकरण करेंगे।

### पटवारी से मारपीट करने वाले आरोपी पर 1,000 रुपए का इनाम घोषित

**अशोकनगर।** 24 नबंवर को जिले के थाना मुंगावली अंतर्गत पदस्थ हल्का पटवारी ईश्वरचंद पुत्र नरेश जाटव उम्र 30 वर्ष निवासी सबलगढ़, जिला मुरैना (हाल पालीवाल कॉलोनी, मुंगावली) के साथ की गई मारपीट और शासकीय कार्य में बांधा पहुंचाने के मामले में एसपी द्वारा आरोपी पर 1 हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया है। फरियादी द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह ग्राम टीला में एसआईआर का शासकीय कार्य संपादित कर रहा था। तभी अचानक ग्राम टीला निवासी भानूप्रताप पुत्र अमोलसिंह यादव मौके पर आया और फरियादी को जातिसूचक शब्दों द्वारा अपमानित करते हुए उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट कर शासकीय कार्य में बाधा पहुँचाई। मामला दर्ज कर फरियादी को प्राथमिक उपचार हेतु चिकित्सालय भेजा गया, जहां एक्स-रे परीक्षण में दाहिना कंधा डिस्लोकेट पाया गया।



## चंदेरी में ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित कर निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

जनपद पंचायत सभाकक्ष चंदेरी में अनुविभागीय अधिकारी चंदेरी मनीष धनगर की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रबंधक लीड बैंक राजीव राय, आलोक प्रताप सिंह ईटोरिया मुख्य कार्यपालन अधिकारी चंदेरी, आशीष हासनी सहायक महाप्रबंधक भारतीय रिजर्व बैंक विभाग एवं चंदेरी ब्लॉक के समस्त बैंकों के शाखा प्रबंधक व शासकीय अधिकारी उपस्थित रहे।

अनुविभागीय अधिकारी द्वारा पशुपालन विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, एनआरएलएम, अनुसूचित जाति विभाग की प्रगति संतोष जनक न होने पर सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि 15 दिनों में संतोषजनक स्थिति में आए तथा 15 दिसंबर 2025 तक शासकीय योजनाओं में अधिक से अधिक ऋण प्रकरण बैंकों में प्रस्तुत करने के निर्देश शासकीय विभागों को दिए गए। बैठक में समस्त बैंकों की ओर से लीड बैंक प्रबंधक द्वारा समस्त शासकीय योजना में शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति करने का आश्वासन दिया गया। जनपद पंचायत सीईओ आलोक प्रताप सिंह ईटोरिया द्वारा समस्त बैंकों को आदेश दिए की समस्त शासकीय योजना में लंबित ऋण प्रकरणों को स्वीकृत कर अति शीघ्र वितरित करना सुनिश्चित करें।

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान-ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना जिला

**अशोकनगर।** गुरूवार को इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जिला अशोकनगर के कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चाइल्ड मैरिज प्रिवेंशन ऑफिसर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग चंद्रसेना भिड़े ने की। इस अवसर पर जिला समन्वयक संस्था रॉकेट लर्निंग विपिन रघुवंशी, पर्यवेक्षक तृप्ति शर्मा, प्रियंका पवार, मेघा दांगी, सोनम रघुवंशी जिला प्रभारी विदिशा सोसल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन, सहित विभिन्न विभागों के स्टेकहोल्डर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से राष्ट्रीय संकल्प को आत्मसात किया और 2030 तक बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करने के सामूहिक मिशन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

## 47वां नेत्र शिविर 7 दिसंबर को सुखपुर में आयोजित होगा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ईसागढ़

श्री आनंदपुर ट्रस्ट के द्वारा ग्राम सुखपुर बहेरिया रूपनगर ग्राम पंचायत आकलोन एवं मध्य प्रदेश शासन के सहयोग से 86वा जन सेवा आयोजन 47वा निशुल्क नेत्र शिविर 7 दिसम्बर रविवार को सुबह 8 बजकर 30 मिनट पर शुभारंभ होगा जिसमें जांच व भर्ती किए जाएंगे भर्ती रोगियों के लिए चिकित्सा भजन औषधि लेंस चश्मा आवास आदि की निशुल्क व्यवस्था की जाएगी। चिकित्सक डॉ रमेश बजाज एस नेत्र विशेषज्ञ अगरोहा,डॉ रवि थडानी गणेश नगर नई दिल्ली डॉ प्रमोद सहगल पातनी राजस्थान डॉक्टर वाय डी अग्रवाल श्यामा मेमोरियल नेत्र अशोकनगर डॉ विवेक अंगिरा डॉ मनीष धवन फरीदाकोट पंजाब डॉ दिनेश सहगल नेत्र विशेषज्ञ आनंदपुर ट्रस्ट रहेंगे इस दौरान सभी जिले वीडियो एवं क्षेत्र वासियों को सूचित किया जाता है कि अपना आधार कार्ड व आईडी कार्ड साथ में लेकर आए और निशुल्क नेत्र शिविर में शामिल होकर सहभागिता सुनिश्चित करें।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत जागेश्वरी मोहल्ला चन्देरी निवासी रामसिंह चैधरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रविन्द्र, संजू, राजेश, कुन्दन कुशवाह निवासी खानपुर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी और उसका मोबाइल फोन तोड़ दिया।जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवासी डॉ. संदीप जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रमेश लोधी ग्राम खिरिया निवासी ने उसके क्लीनिक के अंदर आकर बिना बात के गाली गलौच की और फरियादी के ऊपर कचरा डाला।

### जिला परिवहन अधिकारी ने की वाहनों की चैकिंग

**अशोकनगर।** जिला परिवहन अधिकारी रंजना कुशवाह द्वारा जिले के तहसील चंदेरी में ललितपुर रोड़ पर पर समस्त वाहनों की चैकिंग की गई। जिसमें यात्री वाहन/माल वाहन तथा अन्य छोटे वाहनों से नियम विरूद्ध संचालन करने पर चालानी कार्यवाही की जाकर समझौता शुल्क के रूप में कुल 08 वाहनों से 15500/रूपये की राशि बसूल की गई। एक मालयान जप्त कर थाना चंदेरी में रखा गया है। 01 अप्रैल से 04 दिसम्बर 2025 तक कुल 338000 रूपये का राजस्व बसूला गया। इस कार्यालय द्वारा प्रत्येक सप्ताह स्कूल बसों व यात्री बसों की तथा अन्य वाहनों की चैकिंग की जा रही है। चैकिंग के दौरान जो वाहन अनफिट या क्षमता से अधिक यात्री पाये जाते है अनके विरूद्व नियमानुसार चालानी कार्यवाही की जाती है, आगे भी जिले मे चैकिंग निरतंर जारी रहेगी।

### जिले में निष्क्रिय खातों की खोज हुई तेज

**अशोकनगर।** केंद्र सरकार द्वारा देश भर मे नागरिकों की बिना दावे वाली राशियों को उनके वास्तविक हकदारों तक पहुंचाने के उद्देश्य से अभियान "आपकी पूंजी आपका अधिकार" चलाया जा रहा है। इस संबंध मे कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा निर्देश जारी किए हैं। निष्क्रिय बैंक खाते, परिपक्व बीमा पॉलिसियाँ, भूली हुई म्यूचुअल फंड जैसी वित्तीय सम्पत्तियों को पुनरू सक्रिय कर लाभार्थी को उनका अधिकार दिलाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। नागरिक जब बैंक, बीमा, म्यूचुअल फंड मे धनराशि जमा करते हैं तो कई बार खाते बंद हो जाने, पॉलिसियों मे परिपक्व होने या कानूनी वारिसान को जानकारी न होने के कारण रकम वापस नही मिल पाती। वित्तीय संस्थानों द्वारा लगातार प्रयासों के बावजूद कुछ राशियाँ वर्षों तक जमाकर्ता शिक्षा एवं जकरुकता निधि मे बनी रह जाती हैं। इन मामलो के समाधान के लिए केंद्र शासन, राज्य शासन, रिजर्व बैंक औफ़ इंडिया द्वारा मिशन मोड पर लिया जा रहा है,खातों के अध्ययन के लिए संबंधित बैंक/शाखा में संपर्क करें।

## जैन समाजजन की धार्मिक आयोजन को लेकर अयोध्या नगरी में तैयारियां जारी

# मुनिश्री के सानिध्य में शहर में दूसरी बार पंच कल्याणक व गजरथ महोत्सव का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अशोकनगर शहर फिर दूसरी बार पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के साथ गजरथ महोत्सव के लिए जाना जाएगा। शहर में अयोध्या नगरी में तैयारियां जारी हैं। शहर अभी से धार्मिक उत्सव के रंग में रंगा हो रहा है। ज्ञात हो कि वर्ष 1992 में जब पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन हुआ था तब भी मुनिश्री सुधासागर जी महाराज के सानिध्य में शहर को यह आयोजन देखने को मिला था। उस समय का आयोजन इतना बड़ा था कि पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के आयोजन देखने नहीं मिलते थे। जिसमें भीड़ इतनी थी कि कल्पना कर पाना मुश्किल था। अब 33 साल बाद 2025 के जाते जाते अशोकनगर शहर में दूसरे पंच कल्याणक महोत्सव का आयोजन 9 दिसंबर से होने जा रहा है। यह आयोजन भी मुनिश्री सुधासागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में आयोजित होगा। मुनिश्री सुधासागर जी महाराज अब निर्यापकाचार्य और राष्ट्र संत के रूप में 15 पिच्छी धारी संतो के साथ इस आयोजन को सम्पन्न कराने जा रहे हैं। इस आयोजन में अशोकनगर शहर के सुभाषगंज जैन मंदिर, पुराना गांव जैन मंदिर और त्रिकाल चैबीसी जैन मंदिर आदि में जिन प्रतिमाएं विराजमान होगीं।

पंच कल्याणक अयोध्या नगरी में होते हैं इस नगरी को भी अयोध्या जी बनाये- निर्यापका चार्य श्री सुधा सागर जी महाराज निर्यापकाचार्य श्री सुधासागर जी महाराज ने अशोकनगर में पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पूर्व आयोजित धर्मसभा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि रामराज लाने के लिए मजबूत बनना पड़ेगा, श्रीराम की तरह सोचना भी दुर्लभ है। ऐसा पहले अपने मन को बनाओ कि अंदर से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम चन्द्र जी जैसे विचार हर हदृय में आ जाएं लेकिन आना इतना आसान नहीं होता। पहले तो भावना वैसी बनाना ही दुर्लभ है तब कहीं अयोध्या



नगरी की कल्पना करो। उन्होंने कहा कि भगवान के आने से छः महीने पहले ही देवता अयोध्या नगरी को धन-धान्य से परिपूर्ण कर देते हैं। जहा कोई दुःखी दरिद्र नहीं बचता। ऐसी पावन भूमि बनाने के लिए हमें इसी भूमि में शक्ति को जाग्रत करना है। हर दिल कोमल और निर्मल हो जाएं। अयोध्या की रचना धनपति कुबेर करें इसके पहले हम सब मिलकर कुछ तैयारियां करें तो कोई बात है। देवता तो हमेशा ही अयोध्या नगरी को पवित्र और पावन बनाते हैं आपको अपने नगर में भी ऐसा करना है। शहर में पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव 9 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक स्थानीय पुरानी गल्ला मण्डी में आयोजित हो रहे हैं। जहां अयोध्या नगरी को तैयार किया जा रहा है भगवान के जन्म से लेकर मोक्ष तक की सारी क्रियाएं इस महोत्सव में की जाएंगी।

### 09 को गर्भ कल्याणक की पूर्व क्रियाएं

पंच कल्याणक एवं गजरथ महोत्सव के पहले दिन गर्भ कल्याणक के पूर्व की क्रियाएं की जाएंगी, जिसमें ध्वजारोहण और घट यात्रा का आयोजन होगा। सुबह 7 बजे श्रीजी की शोभा यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुरानी गल्ला मण्डी में बनाई गई अयोध्या नगरी पहुंचेगी। इस मौके पर सुबह 8:30 बजे ध्वजारोहण और मण्डप उदघाटन के साथ मुनि श्री के मंगल प्रवचन, मण्डप शुद्धि, मण्डप प्रतिष्ठा और श्रीजी का अभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन होगा। दोपहर 12 बजे मंगल कलश स्थापना, शांति कलश स्थापना, अखण्ड दीप स्थापना और पूजन विधान के आयोजन होगें। प्रतिदिन होने वाले आयोजनों में शाम 5:30 बजे आचार्य भक्ति और जिज्ञासा समाधान का आयोजन होगा, 6:30 बजे महाआरती और शास्त्र प्रवचन का आयोजन होगा।

### 10 को होगीं गर्भ कल्याणक उत्तररूप की क्रियाएं

10 दिसम्बर को गर्भ कल्याणक के उत्तर रूप की क्रियाएं आयोजित की जाएंगी, जिसमें सुबह 6:30 बजे अभिषेक, पूजन के आयोजन होगें, 8:30 बजे मुनिश्री की देशना होगी, दोपहर 12:30 बजे माता की गोद भराई का आयोजन होगा, दोपहर 1 बजे नाटयमंचन का आयोजन किया जाएगा। इसी मौके पर नवीन मंदिर वेदी शुद्धि, शिखर शुद्धि, शिखर प्रतिष्ठा आदि के आयोजन होगें। रात 8:30 बजे महाराजा नाभिराय का दरवार सजाया जाएगा, जहां महाराजा का आगमन प्रधानमंत्री सेनापति से राज्य की चर्चा, माता के 16 स्वपन और गीत नृत्य 56 कुमारियों द्वारा किया जाएगा।

### 11 को जन्म कल्याणक का आयोजन होगा

सुबह शांतिधारा अभिषेक के बाद सुबह 8 बजे तीर्थंकर बालक का जन्म, अयोध्या नगरी में बंधाईयां, भक्ति नृत्य, सुबह 8:30 बजे सोधर्म इन्द्र द्वारा ऐरावत पर आरूढ होकर अयोध्या नगरी की 3 परिक्रमा, अयोध्या में प्रवेश, तीर्थंकर बालक को लेकर हाथी पर सवार होकर प्रस्थान, प्रातः सुबह 9 बजे मुनिश्री की मंगल देशना और चल समारोह का आयोजन, दोपहर 12 बजे पाण्डुक शिला पर 1008 कलशों से तीर्थंकर बालक का अभिषेक, दोपहर 2 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, दोपहर 3 बजे प्रवचन के आयोजन होगें। रात्रि 8 बजे सोधर्म इन्द्र द्वारा ताण्डव नृत्य, तीर्थंकर बालक का पालना झुलाना, बाल क्रीड़ा का मनोहारी दृश्य दिखाया जाएगा।

### 12 को तप कल्याणक संसार दर्शन का आयोजन

प्रतिदिन सुबह भगवान का अभिषेक और शांतिधारा के बाद भगवान के तप कल्याणक संसार दर्शन की क्रियाएं दिखाई जाएंगीं, जिसमें सुबह 8:30 बजे मुनिश्री की मंगल देशना, दोपहर 1 बजे भव्य पिच्छीका परिवर्तन समारोह का आयोजन होगा। रात्रि 8 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती प्रदान की जाएगी।

### 13 को तप कल्याणक वैराग्य दर्शन का आयोजन

सुबह भगवान की शांतिधारा और अभिषेक के बाद सुबह 8:30 बजे मुनिश्री की मंगल देशना, दोपहर 11:30 बजे मगंलाष्टक, शांतिमंत्र, आदिकुमार का विवाह, राज्याभिषेक, राज्य संचालन, ब्रम्हामी सुंदरी को शिक्षा,नीलांजना नृत्य, युवराज आदिकुमार का वैराग्य, भरत बाहुबली को राज्य सौंपना, सुर्दशन नामक पालकी में आरूढ होकर दीक्षा वन की ओर प्रस्थान।

### 14 को ज्ञान कल्याण का आयोजन किया जाएगा

प्रातः भगवान की शांतिधारा और अभिषेक के बाद, सुबह 8:30 बजे मुनिश्री की मंगल देशना, प्रातः 9 बजे महामुनिराज की आहारचर्या, 11:15 बजे रक्षा मंत्र, शांति मंत्र, ज्ञान कल्याणंक की आंत्रिक क्रियाएं प्रारंभ, प्राणप्रतिष्ठा आदि के आयोजन, तत्वचर्चा, ज्ञान कल्याण पूजन आदि के आयोजन होगें। प्रातः भगवान की शांति धारा और अभिषेक के बाद सुबह 8 बजे आदिनाथ भगवान को कैलाश पर्वत से निर्वाण की प्राप्ति, देवों का आगमन, मुनिश्री की मंगल देशना, तत्पश्चात मोक्ष कल्याण पूजन एवं विश्व शांति महायज्ञ, जिन्नबिम्ब स्थापना, ध्वजारोहण, कलशारोहण के बाद दोपहर 12:30 बजे गजरथ महोत्सव का आयोजन, सात फेरी के बाद मुनिश्री के मंगल प्रवचन होगें।

### मनुष्य इतना स्वार्थी है कि पेड़ देते देते मिट जाता है किन्तु मानव का स्वार्थ खत्म नहीं होता

उन्होंने कहा कि मनुष्य इतना स्वार्थी हैं कि पेड़ देते देते मिट जाता है इस मानव का स्वार्थ खत्म नहीं होता। हमारे संघ में महाराज क्षमासागर जी एक पेड़ की कहानी सुनाया करते थे उनके आंसू निकल आते थे। एक पेड़ के पास छोटे छोटे बच्चे खेला करते कभी पत्ते तोड़ते कभी कुछ करते तो बच्चों से पेड़ खुश हो जाया करता था। फिर बच्चो ने आना बंद कर दिया पेड़ दुःखी हो गया बच्चो से पूछा आते क्यों नहीं हो तब बच्चो ने कहा अब तुम सूख गये हो हमें क्या दोगे तो पेड़ बोला मेरी लकड़ी से किवाड़ फर्नीचर जो चाहे बनाने ले जाओ। स्वार्थी मानव का स्वार्थ कभी पूरा नहीं हुआ। आज कल जनरल प्रश्न हो गया आज बिना स्वार्थ के कोई कुछ करना नहीं चाहता। हम से पूछते बच्चे इससे क्या मिलेगा कभी कभी दूसरे के काम आना निश्वार्थ प्रेम करके देखो जीवन का आनंद समझ में आ जायेगा।

### प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया दे रहे हैं तैयारियों को अंतिम रूप

पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का संपूर्ण आयोजन प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया के द्वारा सम्पन्न कराया जा रहा है उनके सहयोगी के रूप में ब्रम्हचारी मुकेश भैया रहेगें, सहयोगी पंडित सुरेशचन्द शास्त्री दमोह, और पंडित जिनेन्द्र शास्त्री कोटा रहेगें। संगीतकार नीलेश जैन पार्टी बुढार, मंच सज्जा विजयकुमार विश्व कटनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम संतेन्द्र शर्मा एण्ड पार्टी दिल्ली के द्वारा प्रदान की जाएगी। यह सम्पूर्ण आयोजन दिंगम्बर जैन पंचायत अशोकनगर द्वारा किया जा रहा है। पंचायत के पदाधिकारी और समाज जन इस कार्य को सम्पन्न कराने के लिए जी जान से लगे हैं।

### नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**अशोकनगर।** विषेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) जिला अशोकनगर द्वारा जारी आदेश में नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी-सुनील पिता सुखलाल प्रजापति निवासी ग्राम ज्ञानपुर गुरैया थाना नईसराय जिला अशोकनगर को 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं कुल 7000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। प्रकरण में शासन की ओर से जिला अभियोजन अधिकारी,सहायक निदेशक अभियोजन जिला अशोकनगर संजीव श्रीवास्तव के निर्देशन में प्रभावी अभियोजन संचालन एडीपीओ,विशेष लोक अभियोजक नरेन्द्र कुमार गोंडिया द्वारा किया गया। एडीपीओ/मीडिया सेल प्रभारी यशपाल सिह यादव ने बताया कि 2 जून 2024 को अभियोक्त्री के पिता ने थाना नईसराय में अपनी नाबालिग पुत्री अभियोक्त्री को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला- फुसलाकर ले जाने बावत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिस पर से अप.क्र. 104/24 अंतर्गत धारा 363 भा.द.वि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अनुसंधान के दौरान साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किये गये, घटना स्थल का नक्शा मौका बनाया गया। अभियोक्त्री को 6 जून 2024 को दस्तयाब कर उसके कथन लेखबद्ध किये गये एवं न्यायालय में उसके कथन लेखबद्ध कराये गये। उक्त कथनों में अभियोक्त्री ने बताया कि वह 1 जून 2024 को सुबह करीब 08रू00 बजे सुनील प्रजापति के साथ गुना चली गई थी। गुना से वह दोनों बस से इन्दौर गये थे और वे दोनों तीन दिन तक रेलवे स्टेशन पर रूके थे इसी दौरान रेलवे स्टेशन के बाहर आउटर पर सुनील ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये थे। इसके बाद वे दोनों वापस आ रहे थे तभी मेहमूदा बस स्टेण्ड पर पुलिस आ गई थी और उन्हे पुलिस ने पकड लिया था। पीडिता के कथन उपरांत प्रकरण में आवश्यक सुसंगत धाराओं का इजाफा किया गया तथा संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा विचारण उपरांत आरोपी को प्रकरण में दोषी पाते हुये उसके विरूद्ध दोषसिद्धि का निर्णय पारित करते हुए यह सजा सुनाई गई है।

### कुएं में डूबने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम छापर निवासी संजीव उर्फ कल्ला पुत्र रामसिंह रघुवंशी उम्र 33 साल की खेत में बने कुए के पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### कृत्रिम अंग प्रदान करने हेतु परीक्षण शिविरों का आयोजन

**अशोकनगर।** भारत सरकार की एडिप एवं वयोश्री योजनान्तर्गत दिव्यांगजन एवं वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिमअंग प्रदान करने हेतु परीक्षण शिविरों का आयोजन किया गया है। जनपद पंचायत ईसागढ़ 08 दिसम्बर को जनपद पंचायत प्रांगण ईसागढ़ में,जनपद पंचायत-अशोकनगर में 09 दिसम्बर को जनपद पंचायत प्रांगण अशोकनगर में,जनपद पंचायत-चन्देरी 10 दिसम्बर को जनपद पंचायत प्रांगण-चन्देरी में,जनपद पंचायत मुंगावली में 11दिसम्बर को जनपद पंचायत प्रांगण मुंगावली में ,नगर परिषद पिपरई में 12 दिसम्बर को पुरानी तहसील प्रांगण पिपरई तथा जनपद पंचायत अशोकनगर 13 दिसम्बर को ग्राम पंचायत प्रांगण राजपुर में आयोजित किया गया है। शिविरों में एलिम्को जबलपुर के चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा शिविर में उपस्थित समस्त दिव्यांगजन/वरिष्ठजनों का सहायक उपकरणे हेतु चिन्हांकन किया जायेगा तथा पात्र दिव्यांगजन/वरिष्ठजनों को कृत्रिम अंग यथा-(हाथ पैर) तथा उपकरण (कैलीपर्स, सर्जिकल शू, ट्रायसाइकिल, बैशाखी, श्रवण यंत्र, कील चेयर, ब्लाइंड स्टिक आदि) प्रदाय किये जाने हेतु चिन्हांकित किया जाएगा।



## सीएम हेल्पलाईन की ग्रेडिंग पर विशेष ध्यान दें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सीएम हेल्पलाईन की ग्रेडिंग में विशेष ध्यान देकर सुधार किया जाए। साथ ही शिकायतों का अधिक से अधिक निराकरण हो यह सुनिश्चित किया जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित सीएम हेल्पलाईन, एसआईआर,खाद वितरण,दिव्यांग परीक्षण शिविरों के आयोजन की समीक्षा करते हुए समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन के तहत राजस्व, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास,श्रम,पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि तथा किसान कल्याण, नगरीय विकास एवं आवास,लोक शिक्षण, विद्युत, पशुपालन तथा सहकारिता विभाग की विस्तार से समीक्षा कर निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने आगामी समाधान ऑनलाईन से संबंधित विषयों के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश देते हुए विषयों से संबंधित समस्याओं के निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

बैठक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य हेतु विधानसभाबार मेपिंग की समीक्षा करते हुए एसडीएम एवं तहसीलदार को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सामाजिक न्याय विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि भारत सरकार की एडिप एवं वयोश्री योजनान्तर्गत दिव्यांगजन एवं वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम प्रदान करने हेतु परीक्षण शिविरों का आयोजन जिले में 08 दिसम्बर से 13 दिसम्बर 2025 तक किया जा रहा है। इन शिविरों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। बैठक में खाद वितरण व्यवस्था के संबंध में सर्वसंबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने मंडियों में कृषकों द्वारा मक्का सहित अन्य फसलों के विक्रय हेतु सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ हो यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में समस्त एसडीएम, तहसीलदार,सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ गूगल मीट से जुडे तथा संबंधित विभागों के जिला अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

## जल-भराव की समस्या का हुआ समाधान

# शंकर कॉलोनी को मिल गई वर्षों पुरानी समस्या से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर की शंकर कॉलोनी के निवासियों को जल-भराव की अपनी वर्षों पुरानी समस्या से निजात मिल गई है। कॉलोनी के निर्माण के बाद से ही यहां के प्लॉटों में पानी भरा रहता था, जिससे न केवल गंदगी और मच्छर पनपते थे, बल्कि क्षेत्र में बीमारियों के जन्म का भी कारण बनता था। पानी की निकासी के लिए कोई स्थायी व्यवस्था न होने के कारण यह समस्या लगातार विकराल रूप लेती जा रही थी। नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने इस कॉलोनी में निर्माण कार्य की शुरूआत की है।

जब से कॉलोनी का निर्माण हुआ है, तब से ही यहां पानी भरा रहता था। आज नाले का निर्माण होते देख वार्ड वासियों ने राहत की सांस ली है। नाला निर्माण कार्य शुरू, अध्यक्ष ने पार्षद प्रतिनिधि के साथ किया निरीक्षण नगर पालिका परिषद के गठन के बाद से ही, परिषद ने इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता पर लेते हुए इसके स्थायी समाधान का बीड़ा उठाया था। परिषद के प्रयासों के फलस्वरूप, आज कॉलोनी में नाला निर्माण का कार्य शुरू किया गया है। इसके उपरांत सी.सी सड़क का भी निर्माण किया जायगा। इस नाले के निर्माण से रुके हुए पानी की उचित निकासी हो पाएगी, जिससे जल-



भराव की समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगी। आज, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने पार्षद प्रतिनिधि संजीव जाटव के साथ निर्माण स्थल पर पहुँचकर मौका-निरीक्षण किया। उन्होंने ठेकेदार को कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और इसे पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने की सख्त हिदायत दी।

### वार्ड वासियों ने जताया आभार

इस बहुप्रतीक्षित नाला निर्माण कार्य को देखकर वार्ड वासियों में खुशी का माहौल है। क्षेत्र के लोगों ने इस ऐतिहासिक पहल के लिए नगर पालिका परिषद और अध्यक्ष नीरज मानोरिया का धन्यवाद ज्ञापित किया है। निवासियों का मानना है कि यह कार्य उनके स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाएगा।

## महकमे ने घटना से जुड़े स्थानों का निरीक्षण किया

# व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना के बाद आइजी अशोकनगर पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर अशोकनगर गुना सड़क मार्ग पर शाढ़ौरा के गल्ला व्यापारी नीरज साहू के साथ हुई सनसनीखेज 20 लाख रूपए की लूट की घटना के बाद ग्वालियर रेंज के पुलिस महा निरीक्षक अरबिंद सक्सेना अशोकनगर पहुंचे और घटना से जुड़े स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जिसके अहम सुराग भी पुलिस को मिले हैं।

इस दौरान आईजी अरबिंद सक्सेना के साथ एसपी राजीव कुमार मिश्रा, एसडीओपी विवेक शर्मा ने आईसीआईसीआई बैंक पहुंचकर बैंक अधिकारियों से चर्चा की और सीसीटीव्ही फुटेज के साथ घटना से जुड़े सभी तकनीकी पहलुओं पर जांच किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए 6 टीमों का गठन किया है। जिसमें 2



टीम तकनीकी जांच कर रही हैं।

शाढौरा में हुई लूट के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु एसडीओपी अशोकनगर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई है।

शाढ़ौरा के व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा उक्त प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए प्रकरण के अज्ञात आरोपियों की पतारशी एवं शीघ्र गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम का गठन किया गया है। गठित विशेष टीम का नेतृत्व एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा करेंगे। टीम में थाना प्रभारी शाढौरा, थाना प्रभारी कोतवाली अशोकनगर, थाना प्रभारी महिला थाना, थाना प्रभारी कचनार, थाना प्रभारी देहात, थाना प्रभारी नईसराय सहित सायबर सेल एवं सीसीटीव्ही शाखा के अनुभवी अधिकारी शामिल किए गए हैं, जो अपराध की विस्तृत विवेचना एवं त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा टीम को लूट के अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी एवं लूटे गए मशरूका की बरामदगी के लिए निरंतर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। गल्ला व्यापारी के साथ हुई 20 लाख रूपए की लूट की घटना को लेकर पुलिस जिस तरह से आरोपियों की घेराबंदी करने में लगी है। उससे लग रहा है कि पुलिस आरोपियों के पास पहुंचने की कगार पर है।

#### इनका कहना है

शाढ़ौरा के व्यापारी के साथ जो लूट की घटना हुई है उसे लेकर घटना से जुड़े सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है 6 टीमें बनाई गई हैं। जो भी आरोपी हैं वह जल्द ही पकड़े जाएगें।

**अरबिंद सक्सेना** पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर रेंज

### 60 में से 29 के हो पाए ऑपरेशन, ग्रामीण महिलाएं भूखी प्यासी लौटी

# अस्पताल के शिविर में 50 प्रतिशत महिलाओं की नहीं हो पाई नसबंदी





हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

सिविल अस्पताल में प्रत्येक सोमवार और गुरूवार को होने वाले महिला नसबंदी शिविर में गुरूवार को नसबंदी के लिए दूर दराज गांवों से पहुंची। 60 से अधिक महिलाएं पहुंचने से अस्पताल में नसबंदी ऑपरेशन सिस्टम पूरी तरह फेल रहा जिसमें से मात्र 29 महिलाओं की ही नसबंदी की जा सकी बांकी महिलाएं मायूस होकर लौट गई। दिन भर महिलाएं भूखी बैठी रही अस्पताल प्रबंधन ने उनके लिए भोजन की कोई व्यवस्था नहीं की थी। जिस आर्थिक फायदे के लिए महिलाएं अस्पताल पहुंची थी वह जब बिना नसबंदी के घर लौटी तो कईयों के पास वापस जाने के पैसे भी नहीं थे वह बहुत परेशान होकर अपने गांव लौट पाई।

## प्रबंधन बोला की इतनी संख्या की उम्मीद नहीं थी

ब्यावरा सिविल अस्पताल में नसबंदी शिविर की प्रभारी सविता दास ने बताया की प्रत्येक सोमवार और गुरूवार को होने वाले नसबंदी शिविर में 25-30 महिलाए अपेक्षित रहती है। ऐसे में लगभग दुगनी महिलाओं के आने से यह अव्यवस्था हुई। ठंड में यह नसबंदी करवाने वाली महिलाओं की संख्या बढ जाती है परंतु दुगनी का अंदाजा नही था। और ऑपरेशन जैसे काम जल्दबाजी में नहीं किए जा सकते सावधानी के साथ महिलाओं के ऑपरेशन किए गए।

## दूर-दराज गांवों से पहुंचने वाली महिलाएं कई बार हो चुकी है निराश

*सुठालिया व मलावर के गांवों से महिलाएं सिविल अस्पताल पहुंची थी। देखने में आया है कि हर बार शिविर में कई महिलाओं का बिना नसबंदी ऑपरेशन के वापस लौटना पडता है नवंबर में जहां कुल 111 नसंबंदी की गई जिनमें भी महिलाओं को वापस लौटना पडा था। वही गुरूवार को दिसंबर में लगे शिविर में भी 30 महिलाएं वापस लौटी ऐसे में नसंबदी कार्यक्रम कैसे सफल होगा।*

### पुरातात्विक धरोहरों को सहेजने का कार्य कर रही कंपनी

# राजमहल के मुख्य गेट पर बीते 8 माह से बंधा है मचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



पुरातत्व विभाग द्वारा मुख्यालय स्थित रियासतकालीन कईं प्राचीन धरोहरों को सहेजने का कार्य तीन साल पहले शुरू करवाया गया था। इस काम की शुरूआत स्थानीय छारबाग की छतरियों, बड़ा महल आदि से की गई जहां काफी हद तक काम किया भी जा चुका है।

इसके उपरान्त इन्टेक नाम की किसी कंपनी या एनजीओ के जरिए राजगढ़ राजमहल के मुख्य दरवाजे को सहेजने रिवोवेशन का काम करीब 7-8 महीने पहले शुरू करवाया गया था। इसके लिए महल के गेट पर बाकायदा मचान बनाया गया और काम भी करवाया गया। लेकिन, आधे से अधिक काम करवाने के बाद से इस काम को यथास्थिति में छोड़ दिया गया है। तभी से राजमहल के गेट पर बंधा मचान आसपास के रहवासियों और राजमहल के अंदर प्रवेश करने वालों के लिए परेशानियों का कारण बना हुआ है। यद्यपि, राजमहल के अंदर जाने का रास्ता बंद नहीं हुआ है पर मचान की वजह से गुजरने वालों को परेशानियां उठानी पड़ रही हैं।

## पुरातत्व अधिकारी ने नहीं ली जिम्मेदारी

राजमहल के गेट का कितना काम और बचा है एवं मचान कब उतरवाया जाएगा इस संबंध में जब हरिभूमि ने जिला पुरातत्व अधिकारी हुकुमचंद मलिक से बात की तो उन्होंने कुछ स्पष्टतः नहीं बताया। उन्होंने अलबत्ता यह जरूर कहा कि यह काम इन्टेक नाम का एक एनजीओ कर रहा है।

**इनका कहना है...**

गेट के पास अतिक्रमण की कुछ समस्या थी इस वजह से काम रुका था। एसडीएम मेडम में आज ही विजिट किया है। साल के अंत तक काम पूरा कर लेंगे। वैसे मचान के कारण रास्ता बंद नहीं हुआ है।

\- राघव शर्मा, अधिकारी, इंटेक कंपनी

### एसआईआर की सफलता पर आयोजित करवाया गया था मैच

# मैत्री मैच में मीडिया टीम ने प्रशासनिक टीम को दी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



मतदाता सूची के शुद्धिकरण (एसआईआर) के कार्य में राजगढ़ जिले ने इस बार प्रदेश भर में एक नई मिसाल कायम की है। प्रशासन की सतत निगरानी और मीडिया द्वारा किए गए व्यापक जन-जागरुकता अभियान ने इस काम की रफ्तार और गुणवत्ता को और प्रभावी बनाया। इसी कड़ी में स्थानीय स्टेडियम में मीडिया एवं प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य एक मैत्री मैच आयोजित किया गया।

प्रशासनिक टीम ने टॉस जीतते हुए पहले बल्लेजबाजी का फैसला किया। ओपनिंग करने उतरे जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने शानदार पारी खेलते हुए 40 रनों का योगदान दिया। हालांकि, अन्य बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर पाए और एक के बाद पवेलियन लौटते गए। निर्धारित 12 ओवरों में प्रशासन की पूरी टीम 83 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रेस क्लब की सलामी जोड़ी ने शुरुआत से ही आक्रामक अंदाज दिखाया। पहले पांच ओवर के भीतर ही 45 रन बनाकर उन्होंने मैच को अपनी तरफ कर लिया। इसके बाद मिडिल ऑर्डर के बल्लेबाजों ने भी शानदार खेलते हुए जिम्मेदारी निभाई और तीन ओवर शेष रहते ही प्रेस क्लब ने 7 विकेट से यह रोमांचक मुकाबला जीत लिया।

# सारंगपुर के तीन प्रतिनिधि राजगढ़ जिला विकास समिति में नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर







क्षेत्र के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि सारंगपुर के समाजसेवी निर्मल जैन, अधिवक्ता अमित सक्सेना तथा कृषक घनश्याम नागर को राजगढ़ जिला विकास समिति में सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।

इन तीनों प्रतिनिधियों को समाज सेवा, जनहित कार्यों और क्षेत्रीय विकास में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाने के आधार पर समिति में स्थान प्रदान किया गया है। जिला विकास समिति जिला स्तर पर विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यों, संसाधनों के उपयोग तथा जनहित से जुड़े मुद्दों की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण मंच है। ऐसे में सारंगपुर के तीनों प्रतिनिधियों की नियुक्ति से क्षेत्र की विकास संबंधी आवश्यकताओं, स्थानीय समस्याओं और प्राथमिकताओं को जिला स्तर पर अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए जाने की उम्मीद जताई जा रही है। इन नियुक्तियों पर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया है। सभी ने तीनों प्रतिनिधियों को शुभकामनाएँ देते हुए आशा जताई कि वे सारंगपुर के सर्वांगीण विकास के लिए सार्थक प्रयास जारी रखेंगे।

### मीना समाज सहित बाबा के अनुयायियों ने निकाला चल समारोह

# अखंड भजन सप्ताह का भंडारा के साथ हुआ विश्राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा



विगत सात दिनो से चल रहे अखण्ड भजन कीर्तन सप्ताह का विश्राम पूर्णाहुति एवं चल समारोह और विशाल भंडारे के साथ हुआ। सप्त दिवसीय इस आयोजन में कलाकारों की प्रस्तुति ने स्रोताओं को मन्त्र मुग्द कर दिया। यह आयोजन परम्परागत 65 वर्षो से लगातार मीना समाज के सानिध्य में चला आ रहा, जिसमे समाधिस्थ अलमस्थनाथ के पारिवारिक सदस्यों का भी विशेष योगदान रहता,,,इस आयोजन में विश्राम दिवस पर पाठशाला आश्रम सुठालिया से बालकदास जी महाराज पनियारा आश्रम से भोलादास महाराज, रामकथा वाचक मोहनलाल नागर, भागवताचार्य सतीश नागर, अध्यक्ष रामगोपाल मीना नेताजी, आईजी सतीश सक्सेना भोपाल, बालकिशनदास बैरागी पुजारी द्वारा सभी कलाकारों का पात्र एवं भेट द्वारा सम्मान किया गया।

**इन्होंने की शिरकत:** इस आयोजन में आरटीओ जगदीश मीना, मीणा समाज सेवा संगठन जिला अध्यक्ष बाबूलाल मीना कुरावर, विधायक प्रतिनिधि मोहन पंवार, रेखा पचवर्या, पत्रकार गजराजसिंह मीना, बाबुलाल लखनवास, मांगीलाल पटेल, हरिओम दांगी भाजपा महामंत्री, ओम लववंशी, ब्रजेश तर्वेदी, जसवंत गुर्जर पूर्व जिला पंचयात अध्यक्ष, किसान नेता रामजगदीश दांगी, गोविंद पटेल, भानू मीणा, रामबाबू डॉक्टर, बद्रीप्रसाद शिक्षक, आशीष मीना, केशर सिंह, विष्णु मीना सरपंच, केसरसिंह, हरभजन मीना, भीलखेड़ी, बाबुलाल कासोर सहित हजारों की संख्या लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।

## कलाकारों का किया सम्मान

अखंड भजन सप्ताह के विश्राम के पूर्व रात्रि को अतिथियों ने इन कलाकारों का सम्मान किया, जिनमें बाबुलाल भगतजी नादनपुर, राजू मीणा तबला वादक, जितेंद्र, कमल, संतोष शर्मा, मनीष, संजय, लाला, राकेश, राजन, नवल राव, मुकेश बेंजो, लखन राव, अशोक, बाल कलाकार आयुषी मीना, रविन्द्र प्रजापति, रघुवरदास, बालछड़ी भगत आदि अन्य कलाकार शामिल हैं।

## ढोल डमाकों के साथ निकला चल समारोह

विश्राम दिवस के दिन बाबा अलमस्तनाथ जी की समाधि से पंचमुखी रोड, अस्पताल चैराहा, इंदौर नाका होता हुआ चल समारोह ढोल डमाकों, आतिशबाजी, नृत्य और भजनों के साथ निकाला गया। चल समारोह में अलमस्थनाथ जी की तस्वीर रथ में सजाकर भजन कीर्तन के सात नगर में जुलुश निकाला गया, जिसके बाद भंडारा प्रसादी के साथ समापन हुआ।

# ब्लॉक कांग्रेस कुरावर अंतर्गत संविधान पर चर्चा की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर



जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ़ के अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची के निर्देशानुसार सम्पूर्ण राजगढ़ जिले मे मण्डलम स्तर पर संविधान पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रविन्द्र मीना ने बताया की ब्लॉक कुरावर अंतर्गत झाड़ला मण्डलम, लश्करपुर मण्डलम तथा कुरावर मण्डलम की बैठक संपन्न हुई जिसमे संविधान पर चर्चा कर नागरिको को जागरूक किया गया जिसमे हमारा संविधान किन परिस्थितियों मे बना हमारा संविधान कैसे लागू हुआ संविधान निर्माण मे बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के योगदान पर चर्चा, हमारा संविधान हमें क्या क्या हक व अधिकार देता है जैसे अनेक विषयो पर चर्चा की गयी साथ ही हमारा संविधान किस तरह से खतरे मे है व इसमें बदलाव के मंसूबे रखने वाली भाजपा पार्टी की कई वक्ताओ ने खूब भ्रत्स्ना की तथा कांग्रेस पार्टी हर हाल मे इस संविधान की रक्षा करेंगी इसका प्रण लिया तथा संविधान की शपथ ली कार्यक्रम मे मुख्य रूप से कुरावर ब्लॉक प्रभारी डॉ भारत वर्मा, कार्यक्रम प्रभारी ज्ञान सिंह मीणा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रविन्द्र मीना, किसान कांग्रेस पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष देवकरण मीणा, जिला पंचायत सदस्य खुर्शीद मेव, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, झाड़ला मण्डलम प्रभारी राजू राठौर, लश्करपुर मण्डलम अध्यक्ष दुर्गेश नागर, जनपद सदस्य मनीष नागर, पार्षद सचिन गिरी, पार्षद राजेश मीणा, पार्षद लखन चैहान, सेक्टर अध्यक्ष सोनार सिंह राजपूत, कुरावर मण्डलम प्रभारी प्रकाश दला, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष शिवचरण मीना, मनोज शर्मा, गोविन्द चैहान, मोहन चंद्रवंशी, राज चैहान ग्राम जामोनिया गणेश से बी एल ए रोहित मीणा, जीतेन्द्र चंद्रवंशी ग्राम झाड़ला से राजेश परमार, गोपाल जोत, रमेश मेघवाल, बिसारती से रामदयाल राठौर, लश्करपुर प्रभारी कैलाश नारायण नागर, बद्री प्रसाद धाकड़ मौजूद रहे।

### पुलिस कर रही जांच

# डैम में मछली का जाल लगाने गए युवक की डूबने से मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कोतवाली थानाक्षेत्र के खरना गांव निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में डैम के पानी में डूबने से मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने शव को पानी से बाहर निकालकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खरना गांव निवासी युवक राधेश्याम पिता मांगीलाल मेवाड़े उम्र 25 वर्ष बुधवार शाम मूंडला बांध में मछलियों का जाल लगाने गया था। राधेश्याम जब रात में घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को चिंता हुई और वे सुबह बांध क्षेत्र में पहुंचे तो राधेश्याम का शव पानी में उतराता देख सकते में आ गए। आनन-फानन में शव को पानी से बाहर निकालकर पुलिस को मामले की इत्तिला दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा सहित आवश्यक कार्यवाही उपरान्त मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस इस मामले में हर एंगल से जांच करने में जुटी हुई है।

# रामपुरिया बालाजी करते भक्तों की मनोकामना पूर्ण

### सार्थक रूप से आंख के पत्तों पर राम नाम की माला से सुसज्जित



**छापीहेड़ा।** जिस तरह सनातन धर्म मैं भगवान की भक्ति हर जगह यू सार्थक परिवेश में दिखाई देती है क्योंकि इस कलयुग मैं सिर्फ राम नाम से बड़ा मंत्र और कोई नहीं है स्वयं भोले नाथ भी भगवान राम जी के नाम का स्मरण करते हैं तथा तीनों लोकों में राम नाम से बढ़कर कोई शब्द नहीं है जिसने भी राम का नाम सच्चे मन से स्मरण किया है उसकी बड़ी से बड़ी व्यथा एक छोटे से क्षण में दूर होती है रामपुरिया बालाजी छापीहेड़ा मैं स्थित है यहां की महिमा सिर्फ और सिर्फ उनके दर्शन मात्र से की जा सकती है आज बालाजी के श्रृंगार के साथ आंख के पत्तों पर राम नाम लिखकर उनको अर्पित करने से बड़ी से बड़ी बाधा भी दूर होती है साथ-साथ मनवांछित फल प्राप्त होता है। आक के पत्ते पर राम राम लिखकर हनुमान जी को चढ़ाने से जीवन की बाधाएं और परेशानियां दूर होती हैं सुख शांति और समृद्धि आती है इस उपाय के लिए सुबह स्नान करने के बाद आंकड़े के पत्तों को तोड़कर धोकर उन पर सिंदूर से श्री राम लिखें फिर इन पत्तों की 108 पत्तों की माला बनाकर हनुमान जी को अर्पित करें इससे हनुमान जी प्रसन्न होते हैं।

### जिला प्रशासन व अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी की रहेगी संयुक्त भागीदारी

# बाल-विवाह मुक्त राजगढ़ का 100 दिवसीय अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़




केंद्र सरकार द्वारा संपूर्ण भारत को साल 2030 तक पूर्णतः बाल-विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य के तहत राजगढ़ में इस '100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान' की गुरुवार से शुरूआत की गई। यह पहल उन सामाजिक परिस्थितियों को बदलने पर केंद्रित है, जो बाल विवाह जैसी कुप्रथा को बढ़ावा देती हैं। अहिंसा वेलफेयर सोसायटी के निदेशक अरुण सातालकर ने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से बाल-विवाह के खिलाफ चल रहे प्रयासों को मजबूत गति मिली है। उन्होंने भरोसा जताया कि "हम 2030 से पहले ही इस गंभीर सामाजिक अपराध को समाप्त करने में सफल होंगे।

## यह रहेगी अभियान की रणनीति

अभियान को तीन चरणों में बांटा गया है। प्रथम चरण में स्कूलों और कॉलेजों में जागरुकता। दूसरे चरण में विवाह संपन्न कराने वाले धार्मिक स्थलों और संबंधित सेवा प्रदाताओं पर फोकस करना एवं तीसरे चरण में पंचायतों और शहरी वार्डों में समुदाय आधारित पहल को मजबूत करना होगा। यह आगामी अभियान 8 मार्च 2026 (अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस) तक चलेगा।

अभियान का शुभारंभ कन्या स्कूल से किया गया जहां लाइव प्रसारण देखा गया और सभी प्रतिभागियों ने बाल-विवाह उन्मूलन की सामुहिक शपथ ली। अहिंसा वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित हस्ताक्षर अभियान में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए बाल विवाह के विरोध में अपनी प्रतिबद्धता दर्ज की। राजगढ़ जिले की यह पहल प्रदेश में बाल अधिकारों की सुरक्षा और सकारात्मक सामाजिक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग, सुपरवाइजर्स, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं-शिक्षक, नीति आयोग के डीपीए लक्ष्मण भागमल और अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम ने सहभागिता दर्ज की।